पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पुनरास
अनुवान किशन लाल बनाम राजस्थान सरकार
प्रार्थना–पत्र संख्या –263../2025
निर्णय दिनांक 03/07/2025

किशन लाल पुत्र कोलू राम जाति बावरी निवासी पुनरास तहसील तारानगर जिला चूरू

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पुनरास में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 78 खसरा नं. 97 तादादी 6.9674 हैक्ट. भूमि रोही ग्राम ढाणी भाटियान में दर्ज रिकॉर्ड है। जिसमें प्रार्थी का नाम किसनाराम पुत्र कोलूराम दर्ज है जो कि गलत है सही नाम किशन लाल पुत्र कोलू राम है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्धि कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट में संबंधित पटवारी हल्का ने प्रार्थी का नाम किशन लाल पुत्र कोलू राम किये जाने की अभिशंषा की गई है।

अतः कृषि भूमि रोही ग्राम ढाणी भाटियान तहसील तारानगर के खाता संख्या 78 खसरा नं. 97 तादादी 6.9674 हैक्ट. भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम किसनाराम पुत्र कोलूराम Delete कर इसके स्थान पर किशन लाल पुत्र कोलू राम अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 03/07/25.......... को कैम्प कोर्ट पुनरास में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

Rajendra
(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)